Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 04-08-2005

Participants : Bhargav Shri Girdhari Lal

an>

Title: Need to introudce a new Jaipur-Haridwar daily train during day time.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : मान्यवर, मुझे तो इतना ही निवेदन करना है कि मैं इन्तजार कर रहा था, सारे भााण मैंने सुने...(व्यवधान) मैंने अपनी गाड़ी में सुन लिए और आपने हमें जो गालियां दीं, वे भी मैंने सुन लीं। गालियां भी मैंने ध्यानपूर्वक सुनी हैं। उनका उत्तर देने का मेरी पार्टी यदि मुझे कभी मौका देगी तो मैं जरूर दूंगा।

मैं निवेदन करना चाहता हूं कि जयपुर राजस्थान की राजधानी है। वहां से एक गाड़ी हरिद्वार जानी बहुत आवश्यक है। हरिद्वार इसलिए कि हजारों-लाखों लोग रोजाना जब उनके मां-बाप मर जाते हैं, रिश्तेदार मर जाते हैं तो वे हरिद्वार जाने की कोशिश करते हैं। उनका वहां जाना जरूरी है। वह धार्मिक स्थान है और गंगा जी और हर की पौड़ी पर वे अस्थियों को प्रवाहित करना चाहते हैं। मेरी प्रार्थना है कि शनिवार की प्रातः तीन बजे हर शनिवार को हरिद्वार के लिए गाड़ी चलती है, उससे लोगों का कट बहुत बढ़ रहा है। इसलिए मेरी मांग है कि हरिद्वार एक धार्मिक स्थान है और राजस्थान के लोग, विशोकर जयपुर शहर के लोग भी हरिद्वार नित्य-प्रति जाते हैं, इसलिए इस गाड़ी को नियमित किया जाये और हरिद्वार वह गाड़ी जाये तो वहां लोग सब प्रकार के क्रिया-कर्म करके लौट सकेंगे।

इसलिए मेरी मांग है कि, रेल मंत्री जी, यह मानवीय समस्या है और हिन्दुओं को और सब प्रकार के तीर्थ यात्रियों की समस्या हरिद्वार के लिए गाड़ी नियमित रूप से की जानी चाहिए। यह मेरी रेल मंत्री जी से मांग है और मैं बार-बार रेल मंत्रालय में एक मैम्बर होने के नाते बार-बार लालू प्रसाद जी से मैंने निवेदन किया है कि हरिद्वार की गाड़ी निश्चित रूप से चले और नियमित चले।

आपने मुझे समय दिया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

उपाध्यक्ष महोदय : योगी आदित्यनाथ - अनुपस्थित।

श्री सुरेश चन्देल - अनुपस्थित।